हिन्दुस्तान
भरोसा जाए हिन्दुस्तान का

PAGE NO : 08 TOP

एसआरएमएस में शुक्रवार को रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

रक्तदाताओं का किया गया सम्मान

बरेली। विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की ओर से तीन स्वैच्छिक रक्तदान कैंप आयोजित किए गए। तीनों स्थानों पर 111 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति सहित 35 लोगों ने रक्तदान किया। प्रोफेसर (डा.) मिलन जायसवाल, प्रिंसिपल एयरमार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस चुटोला, डा.सीएम चतुर्वेदी, डा.नीलिमा मेहरोत्रा, डा. आकृति बैजल, डा. प्रज्ञा भारद्वाज, रविंद्र सिंह, प्रेरणा कौशिक आदि मौजूद रहे।